







नवभारत
छिंदवाड़ा, सोमवार 13 जुलाई 2026



# नियमों को ताक पर रख कर किया गया राशि का आहरण

## ग्राम पंचायत भरदागढ़ का मामला, जिम्मेदार अधिकारियों की सामने आ रही लापरवाही




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव ,12 जुलाई. मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी कड़े वित्तीय निर्देशों और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत भरदागढ़ में एक गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है।**

शासन द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थान संशोधन की मंजूरी दिए जाने के बावजूद, ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव द्वारा संशोधित आदेशों को दरकिनार कर पुरानी जगह के नाम पर लाखों रुपये का नियमविरुद्ध आहरण कर लिया गया। इस पूरे मामले में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की घोर लापरवाही और लचर पर्यवेक्षण भी साफ तौर पर उजागर हुआ है।

**क्या है पूरा मामला**

मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेश क्रमांक/पं.राज/निर्माण-सा.भ.2.0/836/2025/20148 (भोपाल, दिनांक 12/11/2025) के तहत जिला छिंदवाड़ा की जनपद पंचायत जुन्नारदेव के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरदागढ़ के ग्राम भीमसेनढाना (तालिका सरल क्रमांक 49) में 25 लाख रुपये की लागत से एक नवीन सामुदायिक भवन की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके लिए प्रथम किश्त के रूप में 12.50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया था। बाद में, स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए जनपद पंचायत जुन्नारदेव द्वारा पत्र क्रमांक/3836/निर्माण/ज.पं./2026 दिनांक 13.12.2025 के माध्यम से आयुक्त को ग्राम भीमसेनढाना के स्थान पर ग्राम बेलनीढाना में स्थान परिवर्तन हेतु ग्राम पंचायत के पत्र सहित निवेदन भेजा गया था। शासन द्वारा जनहित में इस निवेदन को स्वीकार करते हुए संशोधित आदेश क्रमांक/पं. राज/निर्माण-836/2026/5775 (भोपाल, दिनांक 30/03/2026) जारी कर स्थान परिवर्तन को मंजूरी दे दी गई थी।

संशोधन के बाद भी नियमविरुद्ध निकाला पैसा चौंकाने वाला तथ्य यह है कि ग्राम पंचायत सरपंच सचिव के द्वारा दिये पत्र के अनुसार ही दिनांक 30/03/2026 को शासन स्तर से स्थान संशोधन का आदेश जारी किये जाने के बावजूद, ग्राम पंचायत भरदागढ़ के सरपंच और सचिव द्वारा नियमों को ताक पर रखकर पुरानी स्वीकृत जगह (भीमसेनढाना) के परिप्रेक्ष्य में ईपीओ क्रमांक 3831823 दिनांक 04/04/2026 तथा ईपीओ क्रमांक 3865759 दिनांक 06/05/2026 के माध्यम से कुल 2,79,465 रुपये की राशि का नियमविरुद्ध आहरण कर लिया गया जिसको जिला पंचायत सीईओ और जनपद सीईओ द्वारा भुगतान और कार्य क्यो नही रोका गया और वंही कार्य का सतत निरीक्षण, पर्यवेक्षण और अनुश्रवण (कंडिका 4.27) के अभाव और जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण ही सरपंच-सचिव के हौसले बुलंद हुए और शासकीय राशि का दुरुपयोग हुआ।

### जनपद सीईओ की भूमिका और घोर लापरवाही

इस पूरे वित्तीय गड़बड़झाले में जनपद पंचायत जुन्नारदेव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।जंहा एक ओर शासन के पत्र ने इस पूरे कार्य के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार अधिकारी बताया और दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी वातानुकूलित कमरों में फाइलों पर दस्तखत करते रहे और उनकी नाक के नीचे स्थान परिवर्तन के आदेश के बाद भी भुगतान कर दिया गया । क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर मौन स्वीकृति कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड का नही पाया जाना भी कंडिका 4.8 का खुला उल्लंघन है।

### मांग- राशि की वसूली और दोषियों पर हो एफआईआर

स्थानीय ग्रामीणों और प्रबुद्ध जनों ने मांग की है कि नियमों को ताक पर रखकर आहरित की गई राशि 2,79,465 रुपये की तत्काल प्रभाव से दोषियों से वसूली की जाए। साथ ही, शासकीय आदेशों की अवहेलना करने और वित्तीय अनियमितता बरतने के आरोप में ग्राम पंचायत भरदागढ़ के सरपंच, सचिव सहित लापरवाही बरतने वाले जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों पर पंचायत राज अधिनियम की धाराओं के तहत दंडात्मक कार्रवाई व एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।

### इनका कहना है...

यह मामला अभी आपके माध्यम से मेरे संज्ञान में आया है। मैं इसकी पूरी जांच करवाता हूँ।स्थल परिवर्तन का आदेश तो आया है.

**अमित दुबे, सहायक यंत्री, जनपद कार्यालय जुन्नारदेव**

# मेहंदी से हाथ-पैरों पर लिखा सुसाइड नोट, फिर जहर खाकर दी जान

## ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप, पुलिस ने मेहंदी से लिखे संदेश को बनाया अहम साक्ष्य



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,12 जुलाई.ससुराल की कथित प्रताड़ना से परेशान एक 32 वर्षीय महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। हैरानी की बात यह है कि महिला ने अपनी मौत से पहले सबूत सुरक्षित रखने के लिए कागज की बजाय अपने हाथों और पैरों पर मेहंदी से सुसाइड नोट लिखा। पुलिस ने इसे मामले का महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, मृतका प्रीति वर्मा की शादी करीब 13 वर्ष पहले लखन वर्मा से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। कई बार विवाद बढ़ने पर उसने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन हर बार समझौते के बाद वह ससुराल लौट जाती थी।

### भाई ने लगाए लगातार प्रताड़ना के आरोप

मृतका के भाई हरिओम जांघेला ने बताया कि प्रीति को आशंका थी कि यदि वह कागज पर सुसाइड नोट लिखेगी तो ससुराल पक्ष उसे नष्ट कर देगा। इसी कारण उसने मेहंदी से अपने हाथ-पैरों पर पूरी आपबीती लिखी, ताकि उसके साथ हुई प्रताड़ना के सबूत सुरक्षित रह सकें। परिजनों के मुताबिक, प्रीति ने दो से तीन बार थाने में शिकायत की थी। हर बार पति लखन वर्मा सुधार और समझौते का भरोसा देकर उसे घर ले जाता, लेकिन कुछ समय बाद फिर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न शुरू हो जाता था। लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर उसने आखिरकार यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

### इलाज के दौरान हुई मौत

चौरई थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले ने बताया कि शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खाने के बाद महिला को पहले जिला अस्पताल और फिर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी हालत गंभीर बनी रही और शनिवार शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### लकड़ी मारकर फोड़ा सिर

**सिवनी।** बंडोल थाना क्षेत्र के सागर गांव में राशन लेकर घर लौट रहे एक युवक पर रास्ते में हमला कर दिया गया। विवाद के दौरान आरोपी ने लकड़ी से वार कर उसका सिर फोड़ दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार सागर गांव निवासी शिवकुमार सेन राशन दुकान से राशन लेकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के राकेश यादव ने विवाद करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# गांव की बेटी योजना से वंचित छात्रों को दूसरा मौका, मिलेगी छात्रवृत्ती

**20 जुलाई तक कर सकेंगी आवेदन**
**लापरवाही पर प्राचार्य होंगे जिम्मेदार**

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,12 जुलाई.** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 में गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना के तहत छात्रवृत्ति से वंचित रह गई पात्र छात्राओं को बड़ी राहत दी है। विभाग ने छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर आवेदन प्रक्रिया एक बार फिर शुरू कर दी है। अब नवीन और नवीनीकरण (रिन्यूअल) दोनों प्रकार के आवेदन 10 जुलाई से 20 जुलाई तक ऑनलाइन किए जा सकेंगे। विभाग ने सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन, सत्यापन और भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराई जाए, ताकि कोई भी पात्र छात्रा छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न रहे।जिले में इन दोनों योजनाओं का लाभ वर्तमान में 5 हजार से अधिक छात्राओं को मिल रहा है। इसके बावजूद बीते सत्र में कई पात्र छात्राएं तकनीकी कारणों, आवेदन नहीं कर पाने अथवा सत्यापन में देरी के कारण छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर सकीं। ऐसे मामलों को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने विशेष अवसर प्रदान किया है, जिससे छूटी हुई छात्राएं दोबारा आवेदन कर सकें।विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस बार आवेदन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी पात्र छात्रा का आवेदन समय पर नहीं कराया जाता है या सत्यापन में विलंब होने के कारण उसे योजना का लाभ नहीं मिल पाता है, तो संबंधित महाविद्यालय के संस्था प्रमुख अथवा प्राचार्य को इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा। विभाग ने कॉलेज प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि वे छात्राओं को समय पर आवेदन कराने, आवश्यक दस्तावेज जमा कराने तथा ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कराने में हर संभव सहयोग करें।

### पीएम राहत योजना दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा 7 दिन तक 1.5 लाख तक का निःशुल्क उपचार

**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक दुर्घटना पीड़ितों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिले के निजी अस्पताल संचालकों एवं प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में योजना की प्रक्रिया, पात्रता एवं ऑनलाइन आवेदन संबंधी जानकारी विस्तार से दी गई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना के मामलों में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती होने पर 7 दिनों तक अधिकतम 1.50 लाख तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।जिले में अब तक 56 प्रकरणों में उपचार के लिए स्वीकृति जारी की जा चुकी है तथा अस्पतालों के खातों में राशि भी हस्तांतरित की गई है।

# जिले में अभी तक 294.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,12 जुलाई.जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 294.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 420.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 12 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।**

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 12 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसीलों में वर्षा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 190.2, मोहखेड़ में 264.4, तामिया में 277, अमरवाड़ा में 310.2, चौरई में 359.4, हर्रई में 214.3, बिछुआ 242.5, परासिया में 207.3, जुन्नारदेव में 289, चांद में 417.9 और उमरेठ में 304.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# चार चोरी के दोपहिया वाहन बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

## 2 .45 लाख रुपये की 2 मोटरसाइकिल और 2 स्कूटी जब्त, मुखबिर व तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,12 जुलाई. कुंडीपुरा थाना एवं धर्मटेकड़ी चौकी पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी की गई दो मोटरसाइकिल और दो स्कूटी बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 2.45 लाख रुपये कीमत के चार दोपहिया वाहन जब्त किए हैं।**

आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे तथा नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के निर्देशन में थाना प्रभारी महेंद्र भगत एवं चौकी प्रभारी अविनाश पारधी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की।

पहले मामले में कैलाश नगर निवासी अवधेश बाथम की एक्टिवा स्कूटी चोरी होने की रिपोर्ट पर पुलिस ने शेखर यादव (20) निवासी चुनाभट्टा को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने एक्टिवा स्कूटी के साथ परासिया मैगजीन लाइन क्षेत्र से चोरी की गई होंडा शाइन मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। दोनों वाहन उसके कब्जे से बरामद किए गए।

दूसरे मामले में सुखदयाल की पैशन प्रो मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने अनिकेत उर्फ अशोक यदुवंशी और अंकुश लखेरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने श्याम टॉकीज के पास से पैशन प्रो तथा परासिया रेलवे स्टेशन से टीवीएस जुपिटर स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। दोनों वाहन भी आरोपियों के कब्जे से जब्त कर लिए गए।पुलिस ने जब्त वाहनों में होंडा शाइन, एक्टिवा स्कूटी, पैशन प्रो मोटरसाइकिल और टीवीएस जुपिटर स्कूटी शामिल हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी महेंद्र भगत, चौकी प्रभारी अविनाश पारधी सहित अरुण शर्मा, अरविंद कुमार, चंद्रपाल बघेल, चंद्रपाल दाहिया, आलम खान, यतेन्द्र गौतम, साइबर सेल के आरक्षक आदित्य तथा प्रधान आरक्षक नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण आज

**छिंदवाड़ा.** एकता क्लब छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष शहनावाज अली ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि क्लब द्वारा आज दिन सोमवार को प्रात: 11 बजे एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूवात मॉडल प्यूचर संस्था के तत्वाधान में आज स्थानीय धरमटेकड़ी पार्क में 100 पौधों का रोपण कर किया जा रहा है ।जिसमें समस्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे ।

# वन विभाग के सहयोग से 600 पौधों का किया गया रोपण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,12 जुलाई.** 24 म.प्र. बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पी.के. वेलू के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की एनसीसी इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ी दो महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत कचरा प्रबंधन विषय पर जागरूकता सत्र से हुई। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. शेखर ब्रह्मने ने कैडेटों को सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने, प्लास्टिक प्रदूषण कम करने, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) को बढ़ावा देने तथा स्वच्छता बनाए रखने के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुनीत सागर अभियान का उद्देश्य केवल जल स्रोतों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना भी है। उन्होंने कैडेटों से अपने घर, महाविद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता का संदेश फैलाने का आह्वान किया। इसके बाद एनसीसी कैडेटों ने वन विभाग के सहयोग से परासिया के मांडई क्षेत्र में आयोजित पौधारोपण अभियान में भाग लिया। अभियान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के लगभग 50 एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए करीब 600 पौधों का रोपण किया। इस दौरान सीनियर एनसीसी कैडेट्स जतिन बन्देवार, राहुल टेकाम, आयुष साहू, रितिका भकने सहित अन्य कैडेट उपस्थित थे। सभी कैडेटों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।

# छिंदवाड़ा जिले की 321119 लाड़ली बहनों के खातों में पहुंची 46.35 करोड़ रुपये की राशि

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,12 जुलाई.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मध्यप्रदेश की करोड़ों महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान के लिये जिला भिंड के लहार में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 38वीं किश्त का अंतरण किया।**

इस अवसर पर प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1835 करोड़ रूपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। वहीं छिंदवाड़ा जिले की 321119 लाड़ली बहनों को 46.35 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन छिंदवाड़ा शहरी क्षेत्र बरारीपुरा केंद्र में एवं केंद्र क्रमांक 18 कुकड़ा जगत, चंदनगांव और 16 में लाड़ली बहना हितग्राहियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में भिंड जिले के लहार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया। इसके अलावा जिले की परियोजनाओं एवं आंगनबाड़ियों में भी लाड़ली बहना हितग्राहियों को जोड़कर कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से दिखाया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

**मायके पक्ष ने जताया ससुराल वालों पर संदेह**

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,12 जुलाई.शहर की सत्यम शिवम कॉलोनी में रविवार तड़के एक 28 वर्षीय विवाहिता की फांसी के फंदे पर लटकने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।**

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका आलिया, पत्नी फैजान खान, शनिवार रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद सोने चली गई थी।

देर रात करीब 2:30 बजे उसका पति फैजान खान उठा तो आलिया बिस्तर पर नहीं मिली। उसने घर में तलाश की, लेकिन जब बैठक कक्ष में पहुंचा तो पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखकर उसके होश उड़ गए। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आलिया को फंदे से नीचे उतारा गया और पुलिस को सूचना दी गई।बताया जा रहा है कि आलिया की शादी वर्ष 2019 में हुई थी। उसके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर संदेह व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, ससुराल पक्ष का कहना है कि आलिया लंबे समय से बीमार रहती थी और इसी कारण मानसिक रूप से परेशान रहती थी।पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**लापरवाही** नियमों की अनदेखी का आरोप, लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के कार्यों से शहर की सड़कों की हालत बदतर, राहगीरों में भारी नाराजगी

# सीवरेज लाइन बिछाने के बाद बदहाल हुई गुरैया रोड, उभरे चैंबर और जर्जर सड़क से बढ़ा हादसों का खतरा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,12 जुलाई. शहर के गुरैया रोड में सीवरेज लाइन बिछाने के बाद सड़क निर्माण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवरेज लाइन डालने के बाद सड़क का निर्माण निर्धारित मानकों के विपरीत किया गया.**

जिससे सड़क की स्थिति दिनोंदिन खराब होती जा रही है। जगह-जगह सड़क उखड़ चुकी है और आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारों के अनुसार, सड़क निर्माण के नियमों के तहत सीवरेज लाइन के लिए खोदी गई नालियों का वैज्ञानिक तरीके से भराव और सघनीकरण (कम्पेक्शन) करने के बाद डामरीकरण किया जाना चाहिए। लेकिन गोरिया रोड पर ऐसा नहीं किया गया। आरोप है कि भराव कार्य में लापरवाही बरतते हुए सीधे सड़क का निर्माण कर दिया गया, जिसका परिणाम अब सड़क के जर्जर होने के रूप में सामने आ रहा है।स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं सीवरेज लाइन के चैंबर, जो कहीं सड़क की सतह से ऊपर तो कहीं नीचे बने हुए हैं। इससे वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया सवारों और साइकिल चालकों के लिए हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।क्षेत्रवासियों ने निर्माण एजेंसी लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कंपनी ने केवल गोरिया रोड ही नहीं, बल्कि शहर के कई हिस्सों में इसी प्रकार घटिया गुणवत्ता का निर्माण कार्य कर सड़कों को बदहाल कर दिया है। नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने, दोषी एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त सड़क और ऊंचे-नीचे चैंबरों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।




B.Tech ADMISSION OPEN 2026-27
अभी कॉल करें 6262110029 9111355846
रविवार को भी कॉलेज खुला है
ऐनी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च सेंटर, छिंदवाड़ा
CSE | CE | ME | ECE | AU
600+ प्लेसमेंट
SC/ST Free Education with Government Scholarships*
OBC एवं EWS छात्रों हेतु विशेष फीस सहायता
12वीं (PCM) के अंकों के आधार पर प्रवेश
600+ प्लेसमेंट
अनुभवी फैकल्टी
आधुनिक लैब एवं प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
सीमित सीटें
सफलता की नई मिसाल!
शैक्षणिक सत्र 2025-26 का 100% परीक्षा परिणाम!
सभी छात्रों के लिए FREE AI TRAINING + CERTIFICATE
AI | Data Science | Industry Skills
हवाई पट्टी के पास, बैतूल रोड, छिंदवाड़ा | www.aitrc.net

IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140 www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल मल्टीस्पेशिलिटी
समर्पित सेवा भाव
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766